UPSI180021002023

**न्यायालय Civil Judge Junior Division Mahmudabad, Sitapur**

**पीठासीन अधिकारी-** (Sushri Akshita Singh), **(उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP03730**

मूलवाद सं० Civil Suit/184/2023

**Sakturam and Others Vs. Sonawati and Others**

**28-02-2024**

पत्रावली पेश हुयी। पुकार पर वादीगण के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हैं। वास्ते सुनवाई प्रार्थना पत्र 12क नियत है।

प्रार्थना पत्र 12क पर वादीगण को सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

**निस्तारण प्रार्थना पत्र 12क–**

प्रार्थीगण रामपति आदि की ओर से प्रार्थना पत्र 12क अर्न्तगत आदेश 22 नियम 3 सी0पी0सी0 सपठित आदेश 6 नियम 17 सी0पी0सी0 मय शपथ–पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि दिनांक 29.08.2023 को वादी सं0 2 किशोरीलाल की मृत्यु हो गयी है। मृतक के वारिसान में उनकी पत्नी श्रीमती मैकीना व विवाहित पुत्रियां रामपति व रेशमा देवी व सुषमा देवी हैं, जिन्हे वाद में पक्षकार मुकदमा बनाया जाना आवश्यक है। अतः औपचारिक रूप से मृत्यु की सूचना एवं मृतक वादी सं0 2 के स्थान पर उनके उक्त वारिसान के प्रतिस्थापन की याचना की गयी है। उक्त प्रार्थना पत्र पर कोई आपत्ति दाखिल नहीं है।

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत आदेश 22 नियम 3 सी0पी0सी0 अन्दर मियाद है तथा प्रार्थना पत्र प्रतिस्थापन के तत्व सूचनात्मक एवं औपचारिक प्रकृति के हैं जिनसे वाद की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में प्रार्थना पत्र 12क स्वीकार होने योग्य है।

**आदेश**

प्रार्थना पत्र 12क अर्न्तगत आदेश 22 नियम 3 सी0पी0सी0 स्वीकार किया जाता है। संशोधन अविलम्ब हो। पत्रावली वास्ते उपस्थिति/दा0 जवाबदावा दिनांक–25.04.2024 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

अजय/स्टेनो–

Digitally signed by AKSHITA SINGH
Date: 2024.02.28 16:12:19 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmudabad, Sitapur.